2 बालो का घनत्व

एक वर्ग इंच मे बालो की संख्या कितनी है यह बालो के घनत्व को दर्शाती है बालो की संख्या अधिक घन्तव अधिक बालो की संख्या कम घन्तव कम बालो की संख्या सामान्य मीडियम घनत्व सामान्य।

3 बालो मे सोखने की क्षमता पौरोसिटी बालो की पानी को सोखने की क्षमता है इसे तीन भागो मे विभाजित किया जाता है निम्न सामान्या तथ उच्च बालो की सोखने की क्षमता की जांच करने के लिए निम्न प्रकार परीक्षण कर सकते है

1 एक गिलास पानी मे बालो की एक लट डाले

2 यदि लट एकदम डूबकर निचले तल पर बैठ जाये तो सोखने की क्षमता उच्च है।

3 यदि लट गिलास के मध्य मे रहे तो सोखने की क्षमता सामान्य है

4 यदि लट ऊपर तैरे और डूबने मे समय ले तो सोखने की क्षमता निम्न है

नोट - अधिक पोरोसिटी वाले बालो पर रासयनिक पदार्थ लगाने से बाल जल्दी खराब होते है।

4 बालो का लचीलापन बालो को स्ट्रेच करने की क्षमता इलास्टिसिटी कहलाती है एक स्वस्थ बाल अपनी लम्बाई का 50 प्रतिशत तक स्ट्रेच हो सकता है और बिना टूटे अपनी सामान्य लम्बाई पर आ सकता है जबकि बाल रूखे होने पर 50 प्रतिशत तक ही स्ट्रेच हो सकता है अतं बाल कम सामान्य या उच्च इलास्टिसिटी का गुण रखते है।

नोट - कम इलास्टिसिटी वाले बालों को कर्ल करना मुश्किल होता है।

## बालों की सामान्य समस्याए Comman Hair Problem

ें उद्येश्य - इस पाठ के अंत मे हम जान पयोगे कि

रूसी की व्याख्या और उनके प्रकार

बालो की झडना

दो मुहें बालो की समस्या की व्याख्या

पेडीकुलोसिस की व्याख्या

**Dandruff** डेड्रफ

डैड्रफ बालो की सबसे आम समस्या में से एक है इसे छोटे सफेद फलैक्स द्वारा पहचाना जा सकता है जो खोपदृवडी पर दिखाई देते है इसे चिकित्सा क्षेत्र मे पीट्रियासिस के नाम से जाना जाता है इसका मुख्य कारण खराब रक्त परिसंचारण, सक्रंमण, लापरवाही, सौदर्य आदत, असंतुलित खान पान, आदि है डैड्रफ दो प्रकार की होती है

1 आयली डैड्रफ - इसे मोमी डैड्रफ भी कहा जाता है। इसमे खुजली भी होती है। तैलीय रूसी को दूर करने के लिए चिकित्सा उपचार एक मात्र तरीका है।

2 ड्राई डैड्रफ- सूखी डैड्रफ छोटी छोटी रंग की पपडी के रूप मे होती है। यह खराब रक्त परिसंचारण और अस्वच्छता का परिणाम है डैड्रफ को ठीक करने के लिए माइन्ड शैम्पू, नियमित स्कैल्प, मसाज और एटीसेप्टिक स्कैल्प लोशन का इस्तेमाल करें।

चित्र 1



2 बाल गिरना एलोपेसिया बालो के झड़ने के किसी भी असामान्य रूप का तकनीकी शब्द है यह एक सामान्य विकार है और किसी भी वजह से हो सकता है जैसे एनीमिया, गर्भावस्था, थायरॉयड आदि।

बालो के झडने के सबसे आम रूप है-

1 एलोपेशिया सेनिलिस यह बुढापे मे होने वाले गंजापन का रूप है यह बालो का झडना स्थायी है चित्र 2



2 एलोपेशिया प्रीमेच्योर यह समय से पहले होने वाले गंजावन का एक रूप है यह मध्यम उम्र से पहले किसी भी समय धीमर गति से होने वाली प्रक्रिया के साथ शुरू होता है

3 एलोपशिया एरीएटा इसमें बाल गोल पैच के रूप मे अचानक एनीमिया स्कार्लेट ज्वर टाइफाइट बुखार आदि हो सकता है रक्त की आपूर्ति मे कमी के कारण प्रभावित क्षेत्र थोड़े डी प्रेस किये हुये चिकने होते है

चित्र 3




3 दो मुंहे बाल - दो मुहे बालो का तकनीकी नाम ट्राइकोपटि लोसिस है यह बाल अन्तिम किनारो पर कुछ वाई के आकार के हो जाते है यह बाल आसानी से टुटते है आखिरी सिरो को काटकर बालो मे आयल से मसाज करके इन सिरो को चिकना करना चाहिए और इन पर नमीयुक्त पैक का प्रयोग करना चाहिए

1 ट्रीमिग - ट्रीमिग मे दो मुंहे बालो को कैची से काट दिया जाता है।

2 सीजिग - इस विधि में बालो को टिवस्ट करके उनके आखिरी सिरो को मोमबन्ती से जला दिया जाता है।

4 पेडीकुलोसिस - यह एक सक्रामक स्थिति है यह जू द्वारा फैलती है जो खोपडी के बालो को संक्रमित करती है यह परजीवी खोपड़ी पर रक्त से भोजन ग्रहण करते है। जिससे खुजली होती है और त्वचा पर खरोच के कारण संक्रमण हो सकता है




सिर का जूं एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति मे संक्रमित के जूं को मारने के लिए लर्कसपुर टिचर बालो मे नीम का तेल मेडिकर आदि लगाकर बालो को साफ करने की सलाह दे । जूं होने पर ब्यूटी सैलून मे क्लाइंट का ट्रीटमेण्ट न करें

चित्र5

